2023/138

फर्द अहकाम

(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

| प्रार्थी / अपीलांट | बनाम | अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट |
|---|---|---|
| श्री शान्तिलाल पुत्र श्री रमेश कुमार<br>निवासी मु.पो. पावा वाया साण्डेराव<br>तहसील सुमेरपुर<br>जिला पाली। | | सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी<br>बी.एस.मेमोरियल स्कूल माउन्ट रोड<br>चौधरी कॉलोनी आबूरोड |

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 33 वर्ष 2023

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 23.08.2023 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी बी.एस. मेमोरियल स्कूल माउन्ट रोड चौधरी कॉलोनी आबूरोड को दिनांक 23.02.2023, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि बी.एस. मेमोरियल स्कूल में ममता पुत्री हिमताराम पत्नि श्री शान्तिलाल जाति लुहार निवासी हिना कॉलोनी आबूरोड का अध्यापन का कार्य लगभग वर्ष 2015 से कर रही है, जिसका अन्तिम वेतन कितना था और वह उक्त स्कूल में कब से कब तक कार्यरत रही है। उक्त समस्त सूचना की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं।<br><br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी बी.एस. मेमोरियल स्कूल माउन्ट रोड चौधरी कॉलोनी आबूरोड को दिनांक 23.02.2023, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि बी.एस. मेमोरियल स्कूल में ममता पुत्री हिमताराम पत्नि श्री शान्तिलाल जाति लुहार निवासी हिना कॉलोनी आबूरोड का अध्यापन का कार्य लगभग वर्ष 2015 से कर रही है, जिसका अन्तिम वेतन कितना था और वह उक्त स्कूल में कब से कब तक कार्यरत रही है। उक्त समस्त सूचना की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई उपरोक्त सहायक लोक सूचना अधिकारी बी.एस. मेमोरियल स्कूल माउन्ट रोड चौधरी कॉलोनी आबूरोड से सम्बन्धित है। चूंकि सहायक लोक सूचना अधिकारी बी.एस. मेमोरियल स्कूल माउन्ट रोड चौधरी कॉलोनी आबूरोड के प्रथम अपील अधिकारी जिला कलक्टर [illegible] नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। [illegible] जाया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से [illegible] हो।<br><br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Bhanwar Lal<br>Date: 2024.01.06 16:04:11 IST<br>Reason: SelfAttested<br><br>(डॉ. भँवर लाल)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | |

Scanned with CamScanner